CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 52 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 07 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## 309 नगर निकायों में एक साथ होंगे चुनावः 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' मॉडल पर सरकार की तैयारी, मंत्री खर्रा ने दिए संकेत

### जयपुर, जोधपुर और कोटा में निगमों का एकीकरण, वार्ड पुनर्सीमांकन की प्रक्रिया अंतिम चरण में

**भीलवाड़ा फोकस @ नागौर**

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। शहरी सरकारें चुनने की दिशा में अब प्रदेश 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' मॉडल की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश के 309 नगर निकायों में एक साथ चुनाव कराने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

राज्य के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को नागौर में इस संबंध में कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान हुए निकाय विभाजन को वर्तमान सरकार ने दुरुस्त किया है। जयपुर, जोधपुर और कोटा की दो-दो नगर निगमों को एकीकृत करते हुए फिर से एक-एक निगम में बदला गया है।



### चुनाव के लिए तैयार है सरकार

सर्किट हाउस नागौर में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रदेश में अब कुल 309 निकायों में चुनाव होंगे, जबकि पिछली बार इनकी संख्या 312 थी। नगर निकायों के लिए पुनर्सीमांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। वहीं, वार्डों के नए परिसीमन का नोटिफिकेशन भी एक सप्ताह के भीतर प्रकाशित किया जाएगा।

### दिसंबर तक हो सकते हैं चुनाव

मंत्री खर्रा ने यह भी बताया कि निर्वाचन विभाग अगस्त के अंत तक मतदाता सूची की प्रक्रिया शुरू कर देगा। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग से आग्रह किया जाएगा कि दिसंबर माह में सभी निकायों के चुनाव एक साथ आयोजित किए जाएं। इससे न केवल प्रशासनिक खर्च में कमी आएगी, बल्कि मतदाताओं की भागीदारी और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

### पंचायतीराज चुनाव भी इसी मॉडल पर

उन्होंने यह भी संकेत दिए कि राज्य सरकार भविष्य में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव भी इसी 'एक राज्य, एक चुनाव' मॉडल पर आयोजित करने की योजना बना रही है। मंत्री ने कहा, ÷हमारी प्राथमिकता मतदाता, प्रशासनिक सुविधा और पारदर्शिता है। निकायों को एक साथ चुनाव से सुचारु संचालन मिलेगा।

## बिजौलिया में तस्करों ने नाकाबंदी तोड़ी, हैरियर को मारी टक्कर, अफीम के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

थाना पुलिस ने मंगलवार रात मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10.680 किलो अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को जब्त कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है ।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि कार्रवाई कांस्या चौकी प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में कांस्या चौकी के सामने नाकाबंदी में की गई । जहाँ एक संदिग्ध स्विफ्ट कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने चौकी प्रभारी पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करते हुए तेज रफ्तार में नाकाबंदी तोड़ दी।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पीछा किया। पीछा करने के दौरान स्विफ्ट कार ने एक टाटा हैरियर को भी टक्कर मार दी, जिसमें एक पुरुष, महिला और एक बच्ची सवार थे। तीनों बाल-बाल बचे, लेकिन घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

वही कुछ दूरी पर पुलिस ने कार को रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहन से 10.680 किलो अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ।

मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है । जिसमे मुकेश पुत्र दासू बंजारा उम्र 32, निवासी सुवाणिया, थाना बेगूं, जिला चित्तौड़गढ़ एवं सेठा उर्फ सीता पत्नी रमेश बंजारा उम्र 30, हाल निवासी गोरधनपुरा, थाना बिजौलिया शामिल है । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मांडलगढ़ में ट्रेलर ने बाइक सवार पिता-पुत्र व भतीजे को कुचला, तीनों की मौके पर मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

नेशनल हाईवे-758 पर भारजी का खेड़ा गांव के पास मांडलगढ़-चित्तौड़गढ़ रोड पर बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शव सड़क पर दूर तक चले गए और खून से मार्ग लाल हो गया। घटना की

सूचना पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भी मौके पर पहुँच मामले की जानकारी ली ।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान जगदीश कंजर (55) पुत्र केसरिया, बेटा राकेश कंजर (25) और भतीजा किशन कंजर पुत्र देवा, निवासी चेची थाना बेगूं, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। तीनों मृतक मजदूरी का कार्य करते थे । हादसे के बाद से गांव और आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी में सामने आया है की तीनों मृतक गोवटा माता क्षेत्र में बीमार परिजन से मिलने और दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान मांडलगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक को सीधी टक्कर मारी। टक्कर के बाद ट्रेलर बिना रुके मौके से फरार हो गया। घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिनमें से पिता को अंदरूनी चोटें, जबकि बेटे और भतीजे के सिर में गहरी चोटें आईं। घटनास्थल पर ही तीनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी और शवों को मांडलगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।



पुलिस ने बताया कि ट्रेलर सामान से लदा था और मांडलगढ़ की ओर जा रहा था। हादसे के बाद वह तेज रफ्तार से फरार हो गया। सीसीटीवी व हाईवे पर लगे कैमरों की मदद से ट्रेलर की पहचान की जा रही है।

## छात्रसंघ चुनावों पर चतुर्वेदी का पलटवार – 'सचिन पहले खुद से पूछें, चुनाव रोके किसने थे'



**भीलवाड़ा फोकस @ टोंक**

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने छात्रसंघ चुनावों को लेकर कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट खुद तय करें कि राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों पर विराम किसकी सरकार में लगा था। जब चुनाव कांग्रेस शासन में रोके गए थे, तो फिर आज भाजपा पर दोष मढ़ना समझ से परे है।

टोंक में मीडिया से मुखातिब होते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की पक्षधर है, जबकि कांग्रेस का इतिहास संवैधानिक व्यवस्थाओं को तोड़ने-मरोड़ने का रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा ÷सचिन जी भूल जाते हैं कि वे उस पार्टी के नेता हैं, जिसने राजस्थान ही नहीं, देशभर में लोकतंत्र को कमजोर किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के हालिया पर्ची राजनीति बयान पर चतुर्वेदी ने पलटवार करते हुए कहा कि ÷पहले यह बताया जाए कि जब कांग्रेस सरकार में सीएम अपने ही डिप्टी सीएम को 'नाकारा-निकम्मा' कहते थे, तब कौनसी पर्ची चल रही थी?

चतुर्वेदी ने दो टूक कहा कि जनता अब कांग्रेस के कथित नैतिक भाषणों से भ्रमित नहीं होने वाली, और छात्रसंघ चुनावों पर सियासत करना खुद कांग्रेस की पिछली नीतियों की पोल खोलता है।

## अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार, देसी पिस्टल और पल्सर बाइक जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़**

थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देसी पिस्टल व पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस ने बताया की पुलिस उप निरीक्षक नरपत सिंह अपनी टीम के साथ हमीरगढ़ कस्बे में गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भीलवाड़ा की तरफ से दो संदिग्ध युवक पल्सर बाइक पर अवैध हथियार लेकर हमीरगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने रिको पुलिया स्वरूपगंज के पास सर्विस रोड एनएच-48 पर नाकाबंदी की।



जहाँ थोड़ी देर में दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया। पूछताछ में बाइक सवार की पहचान गोविन्दानंद रेगर पुत्र लादु राम रेगर निवासी दांतड़ा, थाना आसींद, तथा पीछे बैठे युवक की पहचान युवराज सिंह पुत्र कालु सिंह राजपूत निवासी बिरधोल, थाना कोटड़ी के रूप में हुई। इस दौरान तलाशी में गोविन्दानंद रेगर की पैंट में एक देसी पिस्टल खाली मैगजीन सहित बरामद हुई। पूछताछ में गोविन्दानंद ने बताया कि यह पिस्टल उसके दोस्त युवराज सिंह की है। दोनों युवक उक्त हथियार के कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं दिखा सके। जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है ।

CMYK

# तीन साल से फरार 10 हज़ार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप

थाना पुलिस ने पिछले तीन सालों से फरार चल रहे 10 हज़ार के ईनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। इस कार्रवाई में थानाधिकारी विजय मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम की अहम भूमिका निभाई रही। पुलिस में बताया की 7 मार्च 2022 को थाना नीमच सिटी मध्यप्रदेश क्षेत्र में रहने वाले चेनराम गुन्दरावत को 4.2 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान चेनराम ने बताया कि वह यह अफीम कैलाश जाट पिता गोविंद राम जाट को देने वाला था, जो खोजास, थाना खुनखुना, जिला नागौर का निवासी है और वर्तमान में पदमपुर, श्रीगंगानगर में रह रहा था। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की लेकिन आरोपी कैलाश जाट गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकानों से लगातार फरार चल रहा था। जिसके बाद पुलिस ने 3 साल से फरार आरोपी को सूचना मिलते ही धर दबोचा है। कैलाश पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हज़ार का इनाम घोषित है।

# कोटड़ी जलझूलन महोत्सव की बैठक में हंगामा, ट्रस्ट ने व्यवस्थाओं को लेकर जताया असंतोष

## सरपंच व बीडीओ ने पल्ला झाड़ा, श्रद्धालुओं की सुविधाएं ट्रस्ट के भरोसे

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

भगवान चारभुजानाथ के कोटड़ी जलझूलन महोत्सव को लेकर बुधवार को उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा की अध्यक्षता में मंदिर ट्रस्ट व प्रशासन की व्यवस्था बैठक आयोजित हुई। बैठक में उस वक्त हंगामा हो गया जब मंदिर ट्रस्ट ने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था की मांग ग्राम पंचायत व प्रशासन से की, लेकिन पंचायत व बीडीओ द्वारा बजट नहीं होने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया गया।
ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने नाराज़गी जताते हुए बैठक के बहिष्कार की घोषणा कर दी। स्थिति को संभालते हुए एसडीएम रिणवा ने समझाइश के बाद बैठक को दोबारा शुरू कराया।



बैठक में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि जमना लाल डिडवानिया ने कहा कि पंचायत की स्वच्छता बजट की सीमा पूरी हो चुकी है, ऐसे में मंदिर ट्रस्ट को ही व्यवस्थाएं करनी होंगी। श्रद्धालु ओमप्रकाश पालीवाल और निर्मल लोढ़ा ने मुख्य बस स्टैंड की बदहाल स्थिति व महिला शौचालय की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु मेले में पहुंचते हैं लेकिन बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।
बैठक में एसडीएम ने मेले के दौरान चारभुजा तालाब पर बैरिकेडिंग, एसडीआरएफ की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी, पुलिस जाप्ता, एंबुलेंस, एलईडी व साउंड सिस्टम जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महामंत्री धर्मचंद जीनगर ने चातुर्मास और धार्मिक नगरी की गरिमा का हवाला देते कस्बे में खुले में संचालित मांस-मछली की दुकानों को बंद करवाने की मांग की।
बैठक में तहसीलदार रामकिशोर मीणा, थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा, विकास अधिकारी रामविलास मीणा, सचिव श्याम सुंदर चेचाणी, कोषाध्यक्ष चंपालाल तेली, श्रद्धालु व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कुण्डालिया के ग्रामीणों ने उठाई सड़क निर्माण की मांग, विधायक ने चार माह में समाधान का दिया आश्वासन



भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।

गणोली से कुण्डालिया तक के कच्चे एवं जर्जर सड़क मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर कुण्डालिया के ग्रामीणों ने विधायक गोपाल खण्डेलवाल को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग बेहद खराब स्थिति में है, जिससे आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि उक्त रास्ते से प्रतिदिन स्कूली बच्चों, बीमार व्यक्तियों तथा गर्भवती महिलाओं को आवाजाही में गंभीर दिक्कतें आती हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है।
ग्रामीणों ने बताया कि यह मांग पहले भी प्रशासन के समक्ष कई बार रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक ने आश्वासन दिया कि आगामी चार माह में सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।
इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, अनिल पारीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ऊपरमाल में खनन समस्याओं को लेकर विकास समिति का ज्ञापन, लोकल लोडिंग दोबारा शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

ऊपरमाल सैंड स्टोन विकास समिति ने बुधवार को खनन क्षेत्र में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन बिजौलिया उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ तथा खनि अभियंता प्रवीण कुमार अग्रवाल को सौंपा।
ज्ञापन में मुख्य रूप से रॉयल्टी दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने, पर्यावरण स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाने और 23 जुलाई को जारी आदेशों को निरस्त करने की मांग की गई। समिति का कहना है कि ड्रोन सर्वे के आधार पर बनाए जा रहे नए पंचनामे खननकर्ताओं के हित में नहीं हैं और उन्हें अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। इसके साथ ही, समिति ने लघु उद्योग इकाइयों में उपयोग होने वाली कटर मशीनों से निकलने वाले मलबे के लिए डंपिंग यार्ड हेतु भूमि आवंटन की भी मांग की।



बिजोलिया : उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देते हुए

### लोकल लोडिंग कार्य हुआ पुनः प्रारंभ, बाहर भेजने पर फिलहाल रोक

ज्ञापन के साथ-साथ समिति ने यह भी निर्णय लिया कि बुधवार से क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर पत्थर लोडिंग का कार्य पुनः शुरू कर दिया जाएगा, जबकि राज्य या जिले के बाहर जाने वाली लोडिंग फिलहाल स्थगित रहेगी। ज्ञापन देने वालों में समिति अध्यक्ष नरोतम धाकड़, कोषाध्यक्ष मोहनलाल धाकड़, उपाध्यक्ष अनिल गोदा, संजीव सेठिया, शंकरलाल धाकड़, नानालाल धाकड़, कल्पेश जैन, विशाल मेवाड़ा, रमेश चंद्र, कपिल सहित बड़ी संख्या में सदस्य शामिल रहे।

### रक्षाबंधन को लेकर एक समिति सदस्य ने भेजा था सुझावात्मक संदेश

ज्ञात हो कि मंगलवार को समिति से जुड़े एक सदस्य द्वारा यूनियन को एक सुझावात्मक संदेश भेजा गया था, जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। जिसमें रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक और सामाजिक महत्व के त्योहार को ध्यान में रखते हुए हड़ताल को स्थगित करने और लोडिंग कार्य को पुनः शुरू करने का आग्रह किया गया था।



बिजोलिया : नगर में बुधवार को मुख्य मार्ग से निकलता सैंड स्टोन से भरा डंपर

### संदेश में कहा गया कि–

ऊपरमाल क्षेत्र के सैकड़ों मजदूर, वाहन चालक व खनन पर निर्भर परिवार रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर हड़ताल के कारण आर्थिक तंगी व सामाजिक असुविधा का सामना कर रहे है। अतः सरकार को चेतावनी देकर रक्षाबंधन तक कार्य सुचारु किया जाए और फिर यदि मांगें नहीं मानी जाएं तो रक्षाबंधन के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की रणनीति तैयार की जाए।
इस सुझाव के बाद कई जगह चर्चाओं का दौर छिड़ गया। इसके बाद बुधवार को क्षेत्र में फिर से पत्थरों से लदे वाहन लोडिंग करते हुए नजर आए, जिससे खनन क्षेत्र में फिर से गतिविधियां शुरू हो गई और मजदूरों के चेहरे पर राहत की झलक दिखी।


# भाजपा ने मांडलगढ़ विधानसभा के हर बूथ पर बीएलए-2 नियुक्त किए



भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

**महावीर वैष्णव**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के कार्य को सुचारू और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से हर बूथ पर बीएलए-2 बूथ लेवल एजेंट-2 की नियुक्ति की गई है।
महुआ मंडल के लिए नियुक्त बीएलए-2 को विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा पार्टी की ओर से अधिकृत किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि ये बीएलए-2 निर्वाचन विभाग के बीएलओ के साथ समन्वय में काम करेंगे और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन या किसी भी समस्या के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। महुआ मंडल में कुल 60 बूथों पर बीएलए-2 की नियुक्ति की गई है।



## QUICK BITES

### सलावटिया में शिवभक्तिः बाजार बंद कर व्यापारियों ने की पदयात्रा, तिलस्वा नाथ में जलाभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया



श्रावण मास के उपलक्ष्य में व्यापार मंडल ने बुधवार को संपूर्ण बाजार बंद रखकर भव्य शिवभक्तिपूर्ण पदयात्रा निकाली। डीजे की भक्ति धुनों के साथ व्यापारियों ने तिलस्वा नाथ महादेव मंदिर तक पैदल यात्रा कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

मंदिर पहुंचकर हवन-पूजन, भोग अर्पण व आरती की गई। साथ ही सेवा भाव से कैदियों को भोजन भी कराया गया।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र लोहार के नेतृत्व में रमेशचंद्र धाकड़, मनोज धाकड़, ओमप्रकाश छाता, विनोद गहलोत, प्रकाश धाकड़, कैलाश रेगर, राजेंद्र विजयवर्गीय, शंकरलाल धाकड़, बंसीलाल सेन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### श्री शिव महापुराण कथा का हुआ भव्य समापन, गुरुजनों ने दिए संस्कारों पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



खान्या के बालाजी मंदिर प्रांगण में चल रही 9 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का समापन संत श्री 1008 रामदास त्यागी महाराज व कथा वाचक देवकिशन शास्त्री के सान्निध्य में हुआ। समापन दिवस पर 11 जोड़ों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। कथा में देवकिशन शास्त्री ने कहा कि पैसा सब कुछ नहीं, संस्कारों के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने नशे से दूर रहने और परिवार की मर्यादा बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष विमला शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

## सरकार विरोधी नारों के साथ मुखर्जी उद्यान से निकाली रैली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और दमनकारी कार्यशैली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता मुखर्जी उद्यान में एकत्र होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। शासन में अराजकता, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार जनसेवा छोड़ केवल प्रचार-प्रसार और दिखावटी आयोजनों में व्यस्त है।

अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि आमजन की आवाज दबाने का सुनियोजित प्रयास हो रहा है। जो लोग सवाल उठा रहे हैं, उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

प्रवक्ता चंद्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र पारीक, पूर्व यूथ अध्यक्ष किशन जाट, पीसीसी सदस्य शंकरलाल गाडरी, सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी, अर्चना दुबे, महेश सोनी, फरियाद मोहम्मद, हरफूल जाट, गुडविन मसीह सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# नला माताजी मंदिर में चोरी का प्रयास नाकाम, सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश बदमाश

## चार दिन में चौथी वारदात से क्षेत्र में दहशत, पुलिस जुटी जांच में





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला नला के प्रसिद्ध माताजी मंदिर का है, जहां मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर में सेंध लगाने की कोशिश की। मंदिर नेशनल हाईवे 27 के निकट स्थित है और हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

जानकारी के अनुसार रात करीब 1 से 2 बजे के बीच दो चोर मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ने और दानपेटी को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान परिसर में किसी के आने की आहट से वे घबरा गए और पीछे के रास्ते से फरार हो गए।

पूरा घटनाक्रम मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ीं, लोग सहमे

यह घटना बिजौलिया क्षेत्र में बीते चार दिनों में सामने आई चौथी चोरी की वारदात है। इससे पहले मुख्य बाजार में एक बुजुर्ग महिला से चैन स्नेचिंग, छोटा नया गांव से एक बाइक चोरी और देरोली गांव के देवनारायण मंदिर में दानपेटी से नकदी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

लगातार हो रही चोरियों से आमजन में भय का माहौल है। पुलिस प्रशासन ने घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं और बदमाशों की धरपकड़ के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

# कोटड़ी श्याम जलझूलन महोत्सव एवं रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन

## 24 अगस्त को होगा विशाल रक्तदान शिविर, 27 से कार्यक्रमों का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट कोटड़ी एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 अगस्त रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कोटड़ी श्याम मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें 1111 यूनिट से अधिक रक्त संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महोत्सव के तहत 27 अगस्त से श्री कोटड़ी श्याम जलझूलन महोत्सव का भव्य आगाज़ किया जाएगा। दोनों आयोजनों को लेकर श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट व सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा पोस्टर विमोचन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महोत्सव व रक्तदान शिविर के प्रचार हेतु विभिन्न पोस्टर सार्वजनिक किए गए। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचाणी, कोषाध्यक्ष चंपालाल तेली, फाउंडेशन से गोपाल विजयवर्गीय, राजेंद्र काबरा, नारायण माली, सत्यनारायण तेली, राकेश काबरा, आज़ाद गुजराती, मुकेश राव, श्याम सुंदर शर्मा, प्रकाश जोशी, कमल डीडवानिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




# शक्ति और श्रद्धा का संगम बना लालधागे सरकार भेरुधाम, पाटोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश मोटिस)।** मेहरुखुर्द स्थित लालधागे सरकार भेरुधाम बुधवार को तृतीय पाटोत्सव और दादा गुरुदेव की 15वीं पुण्यतिथि पर भक्ति, शक्ति और श्रद्धा का केंद्र बन गया। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं और देशभर से पधारे सैकड़ों संतों की मौजूदगी में भव्य भक्ति महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महंत हरिदास महाराज के वैदिक मंत्रोच्चारण और भैरूनाथ बाबा के जलाभिषेक से हुई। शंखनाद, गुलाब वर्षा और संगीतमय भजनों से पूरा वातावरण भक्ति में रंग गया। संतों के महामंच पर देशभर के महामंडलेश्वर, नागा बाबा और संतों ने भाग लिया। प्रमुख संतों में लादूराम महाराज, सुन्दरदास, भंवर निरंजनी, रामविलास दास सहित सैकड़ों संतों का सम्मान हुआ। महंत हरिदास महाराज ने बताया कि यह धाम अब निःसंतान दंपत्तियों की आस्था का केंद्र बन चुका है, जहां सप्ताह में चार दिन भक्तों की भीड़ उमड़ती है। कार्यक्रम के अंत में विशाल महाआरती और भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



# कलेक्टर संधू ने किया मॉडल स्कूल सुवाणा का निरीक्षण, माइंडस्पार्क कक्षाओं को सराहा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बुधवार को स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सुवाणा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीपीसी डॉ. कल्पना शर्मा व सीबीईओ रामेश्वर जीनगर भी उपस्थित रहे।




कलेक्टर ने स्कूल की आईसीटी लैब में संचालित माइंडस्पार्क कक्षाओं का अवलोकन किया और इसे छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने वाला नवाचार बताया। हेड गर्ल भूमिका यादव और हेड बॉय आर्यन सोनी ने स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी। संस्था प्रधान असलम मोहम्मद डायर ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम जिले में सर्वश्रेष्ठ रहा और भूमिका यादव ने साइंस मॉडल में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक व स्टाफ सदस्य तथा माइंडस्पार्क प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. बैरवा एनसीसी राज्य सलाहकार समिति में शामिल, नेवी के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(पेसवानी)। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर एनसीसी राष्ट्रीय कैडेट कोर की राज्य सलाहकार समिति में सदस्य नामित किया गया है। बुधवार को उन्होंने जयपुर स्थित एनसीसी मुख्यालय में डीडीजी एयर कमोडोर संपथ कुमार आनंद, कर्नल सेहरावत सहित अन्य अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की।



इस दौरान विधायक बैरवा ने प्रदेश में एनसीसी के संचालन, प्रमुख इकाइयों व उनकी चुनौतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एनसीसी को और प्रभावी बनाने व युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए राज्य सरकार के स्तर पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

एनसीसी डीडीजी एयर कमोडोर आनंद ने विधायक बैरवा को भारतीय नेवी के प्रतीक चिन्ह के रूप में युद्धपोत जंगी जहाज का मॉडल भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभा रही है।

# रक्षाबंधन पर यात्रियों के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन, भीलवाड़ा समेत कई स्टेशनों पर ठहराव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विशेष रेलसेवाओं की घोषणा की है, जिसमें ट्रेन संख्या 09601 उदयपुर सिटी-जयपुर स्पेशल 9 अगस्त को रात 8:25 बजे उदयपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 6:50 बजे जयपुर पहुंचेगी और रास्ते में राणाप्रतापनगर, मावली, कपासन, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर और




किशनगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी; इस ट्रेन में कुल 22 डिब्बे होंगे, वहीं ट्रेन संख्या 09725 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 10 अगस्त को सुबह 8:25 बजे जयपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:55 बजे बांद्रा पहुंचेगी और वापसी में 09726 बांद्रा-जयपुर स्पेशल 11 अगस्त को सुबह 9:30 बजे रवाना होकर 12 अगस्त की सुबह 6:45 बजे जयपुर पहुंचेगी, जो किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वापी और बोरीवली स्टेशनों पर ठहरेगी।

# डाबी में युवक की हत्या के मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, संदिग्धों पर फोकस

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

सीमावर्ती डाबी थाना क्षेत्र के पराना इलाके में युवक सोनू सिंह की बेरहमी से की गई हत्या के मामले ने में युवक के शव की बरामदगी के बाद हरकत में आई पुलिस ने जांच को तेज करते हुए घटनास्थल के आसपास के इलाके में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा और डिप्टी एसपी हेमंत गौतम ने मौके पर पहुंचकर तफ्तीश का जायजा लिया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया ताकि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा सके।

जांच से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, सोनू सिंह की हत्या के संबंध में पुलिस को कुछ तकनीकी सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर अलग-अलग टीमें दबिश दे रही हैं। नमाना थानाधिकारी धर्माराम चौधरी जांच की कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास के होटलों, ढाबों, टोल नाकों सहित विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला गया है। इनमें कुछ संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले हैं, जिनके आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है। इसके अलावा मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स के जरिए भी



आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।


परिजनों के अनुसार, सोनू सिंह (25) सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे किसी फोन कॉल पर बात करने के बाद यह कहकर घर से निकला था कि दस मिनट में लौटता हूं। वह बाइक पर गया लेकिन रातभर वापस नहीं आया। सुबह जब पराना लिंक रोड पर उसका खून से लथपथ शव मिला तो परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मृतक के शरीर पर चाकू से हमला किए जाने के निशान थे, जिससे हत्या की पुष्टि हुई। गुस्साए ग्रामीणों ने घटनास्थल के पास नेशनल हाईवे 27 को जाम कर दिया, जिसे करीब 4 घंटे बाद अधिकारियों की समझाइश के बाद खुलवाया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीमें कोटा, भीलवाड़ा और बूंदी तक भेजी गई हैं। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही हत्या का खुलासा कर दिया जाएगा।

## QUICK BITES

# चंवरा हनुमान जी के दरबार में 9 अगस्त को छप्पन भोग

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



(रमेश चंद्र डाड)। बैडच नदी किनारे स्थित श्री चंवरा हनुमान मंदिर, जो मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में गिना जाता है, वहां रक्षाबंधन के पावन अवसर पर 9 अगस्त को विशेष आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ से होगी। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे छप्पन भोग महाआरती तथा झांकी दर्शन होंगे। महाआरती के बाद भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। आयोजनकर्ता जगदीश चंद्र, शिव कुमार, रुद्राक्ष, मानवीर शर्मा पालड़िया बड़लियास ने बताया कि यह आयोजन श्रद्धालुओं की आस्था और सेवा का प्रतीक है।

# भीलवाड़ा में मिलावट पर कार्रवाई: तेल व लड्डू नष्ट, 6 खाद्य सैंपल लिए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भीलवाड़ा। शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिले में छापेमारी करते हुए 6 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। इस दौरान गंगापुर के एक रेस्टोरेंट से खराब हालत में पाए गए लगभग 5 किलो मूंग दाल के लड्डू तथा रायपुर स्थित एक प्रतिष्ठान से 20 लीटर अवधि पार तेल को जनहित में नष्ट कराया गया।



कार्रवाई के दौरान बेसन, हल्दी पाउडर, नमकीन, रसगुल्ला, गुलाब जामुन और सोनपपड़ी के नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्रपुरी गोस्वामी ने बताया कि खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस अनिवार्य रूप से लेने, उसे प्रतिष्ठान पर प्रदर्शित करने और अधिनियम के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सेज एसोसिएशन ने मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन, वेतन-एरियर व एमएसीपी जैसी मांगों पर जताई चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, भीलवाड़ा ने जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. वर्षा सिंह को नर्सिंग ऑफिसर्स की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समय पर वेतन, 9 वर्ष की एमएसीपी, और बकाया एरियर जैसे मुद्दों पर शीघ्र समाधान की मांग की गई। एसोसिएशन ने कहा कि इन मांगों को नजरअंदाज करना नर्सिंग समुदाय में असंतोष का कारण बन रहा है। संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज़, पवन सिंघल सहित अन्य पदाधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे। प्रिंसिपल डॉ. सिंह ने मांगों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों से जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।